दिनांक : 30.09.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री कल आरएसएस शताब्दी समारोह में होंगे शामिल, विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का करेंगे जारी।
- मुख्यमंत्री कल वन विहार से करेंगे राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- गन्ना रिसर्च के लिए आईसीएआर में गठित होगी अलग टीम ।

और

- नवरात्रि के आठवें दिन प्रदेशभर में मां महागौरी की भक्तिमय पूजा, उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं ।

-------------

**प्रधानमंत्री - आरएसएस शताब्दी समारोह**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ - आरएसएस के शताब्दी समारोह में भाग लेंगे। शताब्दी समारोह में संघ की विरासत, उसके सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्र के प्रति इसके योगदान को दर्शाने वाला एक विशेष रूप से तैयार किया गया स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे।

**वन्यजीव सप्ताह**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम बुधवार सुबह साढ़े दस बजे वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में होगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पर्यटक वाहनों का लोकार्पण करेंगे, फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे और वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार प्रदान करेंगे। वन्यजीव सप्ताह के दौरान हर दिन अलग-अलग गतिविधियाँ होंगी। सात अक्टूबर को टॉडलर वॉक और पुरस्कार वितरण के साथ सप्ताह का समापन होगा।

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय कल नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2025 मनाएगा। मंत्रालय ने कहा कि यह कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सम्मानजनक और सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा, इसका थीम-**गरिमा के साथ वृद्धावस्था** पर जोर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान, रक्षा मंत्रालय, टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड और बिड़ला ओपन माइंड्स फाउंडेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

प्रदेश में भी कल इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शिवपुरी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य एवं देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**'सेवा पर्व'**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में आज हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार शिक्षा क्षेत्र में सुधारों के माध्यम से देश के युवाओं को सशक्त बना रही है और राष्ट्र को ज्ञान की महाशक्ति बनने में मदद कर रही है।

**गन्ना अर्थव्यवस्था**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में आयोजित गन्ना अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय परामर्श सत्र को संबोधित किया।श्री चौहान ने कहा कि गन्ने पर रिसर्च के लिए आईसीएआर में एक अलग टीम बनाई जाएगी। यह टीम किसानों और उद्योग की जरूरतों को देखते हुए गन्ने से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं पर शोध करेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने, लागत घटाने और पानी की बचत पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" सोच को अपनाकर सिंचाई में सुधार किया जा सकता है।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव 22 सितम्बर को शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को

लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त लाभ प्रदान कर रहे हैं।

**नवरात्रि**

शारदीय नवरात्रि का आज आठवां दिन है। प्रदेशभर के मंदिरों में दिन भर मां महागौरी की पूजा-अर्चना और कन्या पूजन की परंपरा चली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और सुख-समृद्धि, शक्ति और सकारात्मकता की कामना की। भक्तों की भक्ति और उत्साह के साथ यह महत्त्वपूर्ण पर्व मनाया गया ।

**समाचार संक्षेप में** .....

- राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल का कुलगुरू प्रो. मिलिन्द दत्तात्रेय दाण्डेकर को नियुक्त किया है।
- **अशोकनगर** जिला जेल में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर में स्वदेशी जागरण सप्ताह अंतर्गत स्वदेशी शक्ति-राष्ट्र शक्ति विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- शहडोल जिले में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को जेइई–नीट की तैयारी कराने के लिए सर्वसुविधायुक्त प्रशिक्षण केंद्र के साथ ही उनके रहने के लिए छात्रावास निर्माण कराया जाएगा।

-----------